पंचदश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचनायें बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक 10.07.2014 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री अजय प्रताप, स०वि०स० श्री रामेश्वर पासवान, स०वि०स० श्री सुमित कुमार सिंह, स०वि०स० श्री संतोष कुमार निराला, स०वि०स० श्री अशोक कुमार, स०वि०स०	"जमुई जिला-अन्तर्गत बरहट प्रखण्ड में वर्ष 1994 में पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य सम्पन्न होने के पश्चात् बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री के करकमलों द्वारा उद्घाटन किया गया था । इतनी लम्बी अवधि बीत जाने के बावजूद प्रशासनिक उदासीनता के कारण अभी तक उक्त पावर सब-स्टेशन को चालू नहीं किया गया है, फलस्वरूप ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है । पावर सब-स्टेशन के चालू हो जाने से लगभग हजारों-हजार ग्रामीण जनता लाभान्वित होंगे, साथ ही हजारों एकड़ में लगे किसानों के फसल के पटवन में सहूलियत होगी । इस पावर सब स्टेशन को मलयपुर ग्रिड से जोड़ने की आवश्यकता है । अतएव उक्त पावर सब-स्टेशन को जनहित में अविलम्ब चालू कराने हेतु हम सरकार का ध्यानाकृष्ट करते हैं ।	उर्जा

1	2	3	4
2.	श्री दिनेश कुमार सिंह, स०वि०स० श्री जितेन्द्र कुमार राय, स०वि०स० डा० फैयाज अहमद, स०वि०स० श्री भाई वीरेन्द्र, स०वि०स०	"बिहार में होने वाले सभी प्रकार के विकास कार्यों के ठीके पट्टे में दलित, महादलित, अल्पसंख्यक, अतिपिछड़े एवं पिछड़े वर्ग के लोगों की भागीदारी नगण्य है । जिसके कारण उक्त वर्गों में बेरोजगारी की संख्या में बढ़ोतरी हुई है । अत: उक्त वर्गों के लोगों को ठीके पट्टे में 60 प्रतिशत का आरक्षण देने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।"	योजना एवं विकास

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-17/14- 1014 / वि०स०, पटना, दिनांक- 09 जुलाई, 2014 ई० ।

प्रति :- बिहार विधान सभा के सदस्यगण / मुख्य मंत्री / मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / संसदीय कार्य विभाग / उर्जा विभाग तथा योजना एवं विकास विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

9/7/14

(नियाज अहमद)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-17/14- 1014 / वि०स०, पटना, दिनांक- 09 जुलाई, 2014 ई० ।

प्रति :- अवर सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / अपर आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय / अवर सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

9/7/14

(नियाज अहमद)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

9/7/14